# एकलव्य विद्यालय में अध्ययनरत् बच्चों के लिये मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन नंबर जारी करने वाला छत्तीसगढ़ पहला राज्य

## चर्चा में क्यों?

9 जून, 2022 को छत्तीसगढ़ में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत् बच्चों के संपूर्ण विकास के लिये आदिम जाति विभाग एवं यूनिसेफ के सहयोग से उन्हें काउंसलिंग सुविधा प्रदान करने हेतु हेल्पलाइन नंबर- 9343007820 लॉन्च किया गया है।

## प्रमुख बिंदु

- इस हेल्पलाइन नंबर का उपयोग अधीक्षक, शिक्षक, अभिभावक एवं बच्चे कर सकते हैं तथा एक्सपर्ट काउंसलर्स से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।
- उल्लेखनीय है कि देश में संचालित समस्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में से छत्तीसगढ़ एकमात्र राज्य है, जहाँ के एकलव्य विद्यालय के बच्चों की समस्याओं के निदान के लिये इस प्रकार के हेल्पलाइन नंबर को जारी किया गया है।
- यह नंबर पूर्व में कुछ ज़िलों में प्रायोगिक रूप से प्रारंभ किया गया था। इसकी सफलता को देखते हुए अब इसे राज्य स्तर पर जारी किया जा रहा है।
- इसके माध्यम से बच्चों में ऐसे लक्षण, जैसे- उदास व बेहद शांत रहना, ज़्यादातर समय अकेले बिताना, अत्यधिक डर लगना या घबराहट होना, बेहद गुस्सा आना या लड़ाई-झगड़ा करना, लगातार स्कूल न जाना, किसी प्रकार का नशा करना, स्वयं को चोट या हानि पहुँचाना आदि लक्षण दिखने पर इस हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर परामर्श लिया जा सकता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarh-first-state-to-issue-mental-health-helpline-number-for-children-studying-in-eklavya-vidyalaya